माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर

(पुँवारका, सहारनपुर, उ0प्र0, पिन–247120)

Website- msuniversity.ac.in Email ID examcontroller@msuniversity.ac.in

पत्रांक : 463 / / परीक्षा / एम0एस0यू0 / 2024–25 दिनांक : 21/05/2024

कार्यालय ज्ञाप

यह संज्ञान में आया है कि छात्रों द्वारा परीक्षा फार्म भरे जाने के बाद भी महाविद्यालयों द्वारा प्रवेश शुल्क लम्बित रहने के आधार पर परीक्षा फार्म अग्रसारित नहीं किये जा रहे है। उक्त स्थिति पर कुलपति महोदय द्वारा अप्रसन्नता व्यक्त करते हुये आदेशित किया गया है कि जब महाविद्यालय द्वारा छात्र का डाटा पोर्टल पर अपलोड कर दिया गया है तो इससे स्पष्ट है कि उक्त छात्र पर नियमानुसार महाविद्यालय का कोई देय नहीं है। फिर भी महाविद्यालयों द्वारा छात्रों का परीक्षा फॉर्म अग्रसारित न करके लम्बित रखने की स्थिति अत्यन्त खेदजनक है। विश्वविद्यालय द्वारा प्रवेश पत्र निर्गत कर दिये जाने के बाद भी महाविद्यालयों द्वारा परीक्षा फार्म अग्रसारित किये जाने हेतु निवेदन किया जा रहा है। उक्त के दृष्टिगत ऐसी परीक्षाऐं जो शीघ्र ही प्रस्तावित है। समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय तत्काल लम्बित फॉर्मों का सत्यापन कराना सुनिश्चित करें। प्रवेश पत्र निर्गत कर दिये जाने के बाद किसी भी छात्र का सत्यापन नहीं किया जायेगा, जिसका समस्त उत्तरदायित्व सम्बन्धित महाविद्यालय का होगा।

परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ/आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. प्राचार्य / प्राचार्या, समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय।
2. समस्त संपादक, समस्त सामाचार पत्रों को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि कृपया उपर्युक्त आदेश / विज्ञप्ति को अपने समाचार पत्र में छात्रहित में निःशुल्क प्रकाशित कराने का कष्ट करें।
3. सचिव कुलपति को मा० कुलपति जी के संज्ञानार्थ प्रेषित।
4. कुलसचिव / परीक्षा नियंत्रक।
5. वित्त अधिकारी।
6. प्रभारी– अति गोपनीय विभाग / गोपनीय विभाग।
7. प्रभारी– परीक्षा विभाग।
8. प्रभारी रिकार्ड / स्टोर।
9. प्रभारी विश्वविद्यालय वेबसाइट को वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।
10. विश्वविद्यालय अधिकृत एजेंसी।

परीक्षा नियंत्रक